सं. 1/70(1)2014-डीसीएच/प्रवर्तन

भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय

***

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 28/09/ 2016

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय:- स्टाफ कार ड्राइवर , साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अनुसचिवीय वेतन बैंड-1, 5200 -20200/- रु.-और ग्रेड वेतन 1900/- रु. के दो पदो चेन्नई एवं अहमदाबाद में एक-एक को आमेलन/ पुनर्नियोजन के आधार पर भरने के लिए ।

******

1. स्टाफ कार ड्राइवर , साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, वेतन बैंड-1, 5200 -20200/- रु.- और ग्रेड वेतन 1900/- रु. में दो पदो चेन्नई एवं अहमदाबाद में एक-एक को प्रतिनियुक्ति/ आमेलन या सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियोजन के आधार पर भरने का प्रस्ताव है | जो कर्मचारी श्रेणी 'ग' मे ग्रेड पे रु. 1800/- पर कार्य कर रहे हैं |

2. प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता की शर्ते निम्न प्रकार हैं :-

1. पदनाम : स्टाफ कार ड्राइवर , साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, ( रिक्ति वर्तमान में दिल्ली और अहमदाबाद में है, और भारत में कहीं भी काम करने का उत्तरदायित्व होगा )
2. वेतनमान : वेतन बैंड-1, 5200 -20200 रु.-और ग्रेड वेतन 1900/- रुपये |
3. पदों की संख्या : 02 ( दिल्ली और अहमदाबाद में एक एक) |
4. भर्ती की पद्धति : प्रतिनियुक्ति / आमेलन
   सशस्त्र बल कार्मिक के लिए प्रतिनियुक्ति अथवा पुनर्नियोजन |
5. पात्रता :

**प्रतिनियुक्ति या आमेलन/** सशस्त्र बल कार्मिक के लिए प्रतिनियुक्ति अथवा पुनर्नियोजन **:**

(क)

(i) प्रतिनियुक्ति /आमेलन:

केन्द्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों या विभागों के पदधारियों में वेतन बैंड-1, 5200 -20200 रु. और ग्रेड वेतन 1800 रु. में नियमित आधार पर सवार हरकारा का पद धारण करते हों या नियमित समूह 'ग' कर्मचारी हों जो ( ख) के अनुसार आवशयक शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों ।

(ii) सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन

सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास विहित अपेक्षित अनुभव और अर्हताएं हों । ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से अवमुक्त किया जाना है ; तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर रखा जाएगा ।

टिप्पण 1.- प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाहय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 2.- प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण - 3 प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, तारीख 1 जनवरी 2006 वह तारीख जिसको छठे वेतन आयोग की सिफरिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना विस्तारित की गई है तारीख से पूर्व किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्समान ग्रेड वेतन या वेतनमान में की गई सेवा समझी जाएगी सिवाय इस के कि जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का विलयन एक ग्रेड में सामान्य ग्रेड वेतन या वेतनमान में किया गया है और जहां इस लाभ का विस्तार केवल ऐसे पद (पदों) के लिए किया जाएगा जो बिना किसी उन्नयन के ग्रेड वेतन या वेतनमान सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है ।

(ख) शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव :-

<u>अनिवार्य</u>

(i) मोटरकारों के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति रखता हो;
(ii) मोटर यान की यंत्र-क्रिया का ज्ञान (अभ्यर्थी यान में छोटी-मोटी खराबियों को दूर करने में समर्थ होना चाहिए);
(iii) मोटरकार के चालन का कम से कम तीन वर्षों का अनुभव;
(iv) मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवां स्तर उत्तीर्ण ।

**वांछनीय:**

होमगार्ड या सिविल रक्षा सेवक के रुप में तीन वर्षों का अनुभव ।

**टिप्पण.- 1.** अनुभव संबंधी अर्हता सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है ।

3. प्रतिनियुक्ति की निबंधन और शर्तें, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रतिनियुक्ति से संबंधित लागू सामान्य निबंधन और शर्तों के अनुसार शासित/विनियमित होंगी। जो कर्मचारी अपनी इच्छा से इन पदों के लिए आवेदन करेंगे उन्हें बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. उन पात्र उम्मीदवारों के संबंध में, जिन्हें उनके चयन के बारे में सूचित किए जाने के एक माह के अंदर ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए मुक्त किया जा सकता है , उन कर्मचारियों के आवेदन पत्र (3 प्रतियों में) संलग्न अनुबंध के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की जारीख से 60 दिन के अंदर इस कार्यालय को भेजा जाए जिसे कार्यालय प्रमुख या उनकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया जाए/उस पर प्रति हस्ताक्षर किए जाएं और ऐसे आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी संलग्न किए जाएं:-

(i) आवेदक के संबंध में संवर्ग स्वीकृति,

(ii) एसीआर के अद्यतन/विगत 5 वर्षों की स्पष्ट और पढ़ी जाने वाली फोटो प्रतियां, जिन्हें भारत सरकार के अवर सचिव या समतुल्य अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया हो,

(iii) भारत सरकार के उप सचिव तक के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र,

(iv) इस आशय का सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र कि संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक या आपराधिक कार्यवाही न तो लंबित है और न ही किए जाने का प्रस्ताव है और

(v) इस आशय का प्रमाण पत्र कि उम्मीदवार को पिछले 10 वर्षों के दौरान बड़ी/छोटी शास्ति दी गई है अथवा इस आशय का प्रमाण पत्र कि उसे कोई शास्ति नहीं दी गई है (उपर्युक्त क्रम सं. (iii) से (v) के संबंध में पृथक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

5. स्टाफ कार ड्राइवर के पद पर दिल्ली और अहमदाबाद में आवेदन करने के इच्छुक आवेदक, अपना आवेदन पत्र (3 प्रतियों में), सलंग्न अनुबंध के अनुसार निधारित प्रोफार्मा में संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा मुख्य प्रवर्तन अधिकारी, विकास आयुक्त हथकरघा का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय , कमरा न० 55 B, उद्योग भवन, नई दिल्ली- 110011 | जीवन - वृत्त प्रोफार्मा एवं लिफाफे के उपर स्थान (दिल्ली या अहमदाबाद) अंकित करें जहाँ के लिए आवेद्न कर रहे हैं | रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिनों के अन्दर भेजे ! अंतिम तारीख के पश्चात् प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगें !

**(सुरेश चन्द्र)**
मुख्य प्रवर्तन अधिकारी
दूरभाष : 23061976

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (प्रत्येक को 5 प्रतियां)
2. विकास आयुक्त हस्तशिल्प, आर.के.पुरम, नई दिल्ली/वस्त्र आयुक्त, मुम्बई (प्रत्येक को 5 प्रतियां)
3. डीसी (एसएसआई), निर्माण भवन, नई दिल्ली (5 प्रतियां)
4. वस्त्र आयुक्त कार्यालय, पी.ओ. बॉक्स नं 11500, मुंबई -20
5. डी.सी. (हथकरघा) सभी अनुभाग ।
6. एनआईसी, विकास आयुक्त हथकरघा कार्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस विज्ञापन को www.handloom.nic.in पर डालें ।
7. निदेशक, डीएवीपी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स मंत्रालय, लोधी रोड, रोजगार समाचार में प्रकाशन के लिए नई दिल्ली।

**अनुबंध-I**

## जीवन-वृत्त आदि से संबंधित प्रोफार्मा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में ) | |
| 2. | जन्म तिथि | |
| 3. | केन्द्रीय/राज्य सरकार नियमावली के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यताएं | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरा करते हैं (यदि किसी योग्यता को नियमावली में निर्धारित किसी योग्यता के समकक्ष माना गया हो तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें) | | अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं /अनुभव |
| | अनिवार्य | 1 | | |
| | | 2 | | |
| | | 3 | | |
| | वांछित | 1 | | |
| | | 2 | | |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | कृपया यह स्पष्ट करें कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के संदर्भ में आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं । | |

7. बढते क्रम में रोजगार का ब्यौरा । यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो एक पृथक सीट संलग्न करें और उसे अपने हस्ताक्षर से अधिप्रमाणित करें ।

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | पे बैंड और ग्रेड पे | ड्यूटियों का स्वरुप (पूरा ब्यौरा दें) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान रोजगार का स्वरुप अर्थात तदर्थ या अर्द्धस्थायी या स्थायी | |
| 9. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर हो तो बताएं :<br>क) प्रारंभिक नियुक्ति | |
| | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | |
| | ग) वह मूल कार्यालय/संगठन जिसके आप कर्मचारी हैं । | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | वर्तमान रोजगार का ब्यौरा । कृपया यह उल्लेख करें कि आप निम्नलिखित में से कहां काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें):<br>क) केन्द्र सरकार | |
| | ख) राज्य सरकार | |
| | ग) स्वायत्त संगठन | |
| | घ) सरकारी उपक्रम | |
| | ड.) विश्वविद्यालय | |
| | ) अन्य | |
| 11. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्य कर रहे हैं और पोषक ग्रेड में या पोषक से पोषक ग्रेड में हैं । | |
| 12. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ?यदि हां तो वह तारीख बताएं जिसमें संशोधन हुआ और साथ ही संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं । | |
| 13. | अब कुल आहरित मासिक परिलब्धियां | |
| 14. | पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में ऐसी अतिरिक्त सूचना दें जिसका उल्लेख आप करना चाहते हैं (इसमें आप अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित सूचना प्रदान कर सकते हैं (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) इस रिक्ति संबंधी परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अतिरिक्त अनुभव)<br>(टिप्पणी : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अतिरिक्त सीट संलग्न करें) | |
| 15 | कृपया उल्लेख करें कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीएस) आमेलन प्रतिनियुक्ति या पुन: रोजगार के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं ! | |
| 16. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवार हैं । | |
| 17. | उल्लेख करें कि किस निम्नलिखित किस वर्ग से संबधित है।<br>(i) नियमित वर्ग सी कर्मचारी रु 1800/- ग्रेड पे के साथ<br>(ii) डाक वाहक नियमित कर्मचारी<br>**(iii)** सशस्त्र बल के कर्मचारी<br><br>**(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अतिरिक्त सीट संलग्न करें)** | |

मैंने रिक्त स्थान संबंधी परिपत्र/विज्ञापन को सावधानी पूर्वक पढ़ा है और मुझे यह पूरी जानकारी है कि जीवन-वृत्त आदि के समर्थन में जो दस्तावेज मैंने प्रस्तुत किए हैं उनकी जांच पद के लिए चयन करते समय चयन समिति द्वारा की जाएगी ।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

पता________________________________

________________________________

________________________________

तारीख____________________________

प्रति हस्ताक्षर

(नियोक्ता की सील सहित )